/लोक सभा/

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार

****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, अग्रहायण 24, 1945
शुक्रवार, दिसंबर 15, 2023

रक्षा में लिंग-विशिष्ट पात्रता मानदंड

भारतीय सशस्त्र सेनाओं में इंडक्शन/भर्ती समय-समय पर नियोजित और अनुमानित कार्मिक आवश्यकताओं के आधार पर की जाती है। विभिन्न संकायों के लिए रिक्तियों को परिकल्पित भूमिका, संक्रियात्मक क्षमताओं और मौजूदा नीति एवं विनियमों के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

गत तीन वर्षों के दौरान तत्काल नामांकन प्रक्रिया के माध्यम से नामांकित व्यक्तियों की संख्या निम्नलिखित हैः-

क्र.सं.	वर्ष	एसएससी (एनटी)/एसएससी(टी) पाठ्यक्रम में शामिल की गई वीर नारियां/विधवाएं	एनसीसी विशेष भर्ती (पुरुष एवं महिला) में शामिल किए गए युद्ध हताहतों के आश्रित बच्चे
(क)	2021	02	03
(ख)	2022	02	01
(ग)	2023	02	06

यह जानकारी रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने आज लोकसभा में श्री सप्तगिरी शंकर उलाका के प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।.

एबीबी/एसएस

/लोक सभा/

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार

****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, अग्रहायण 24, 1945
शुक्रवार, दिसंबर 15, 2023

सशस्त्र बलों द्वारा बचाव कार्य

इस वर्ष भारतीय सशस्त्र सेनाओं के विभिन्न विंगों द्वारा देश और विदेश दोनों में चलाए गए बचाव कार्यों का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:-

सेना	देश	विदेश	टिप्पणियां
भारतीय सेना	18	02	मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता
भारतीय नौसेना	46	139	
भारतीय वायुसेना	09	04	

एक अफसर, चार जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों और 44 अन्य रैंकों के एक अभियंता सैन्य-दल को उत्तराखंड में सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के बचाव अभियान के लिए तैनात किया गया था । भारतीय सेना ने सिविल प्रशासन, उत्तराखंड से प्राप्त अनुरोध पर कार्रवाई की ।

यह जानकारी रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने आज लोकसभा में श्री प्रदीप कुमार सिंह और अन्य के प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

एबीबी/एसएस

/लोक सभा/

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार

****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, अग्रहायण 24, 1945
शुक्रवार, दिसंबर 15, 2023

‘डेयर टू ड्रीम’ योजना

विगत तीन वर्षों के दौरान डेयर टू ड्रीम (डी2डी) प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का ब्यौरा नीचे सूची में दर्शाया गया है:-

क्र. सं.	डेयर टू ड्रीम (डी2डी) प्रतियोगिता	प्रतियोगिता का वर्ष	प्राप्त आवेदनों की संख्या
1	डेयर टू ड्रीम -1	2019	3080
2	डेयर टू ड्रीम -2	2020	1750
3	डेयर टू ड्रीम -3	2021	819
4	डेयर टू ड्रीम -4	2023	792

डेयर टू ड्रीम (डी2डी) 1.0 (2019), डी2डी 2.0 (2020) और डी2डी 3.0 (2021) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है, जिनमें 5600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे तथा जिनमें से 86 प्रौद्योगिकियों/योजनाओं को मान्यता प्रदान की गई है और अलग-अलग नवोन्मेषकों तथा स्टार्टअप्स को 3.97 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डीआरडीओ) टीडीएफ योजना के माध्यम से सर्वोत्तम पुरस्कार प्राप्त योजनाओं को प्रोटोटाइप में साकार करने के लिए भी सहायता प्रदान करता

है। स्टार्टअप श्रेणी के डेयर टू ड्रीम विजेताओं को टीडीएफ योजना के तहत 6.93 करोड़ रुपये की लागत से कुल 08 परियोजनाएं प्रदान की गई हैं।

अलग-अलग नवोन्मेषक (18 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक) और स्टार्टअप्स (डीपीआईआईटी और भारतीय संस्थापक के साथ पंजीकृत) डी2डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र हैं। डी2डी प्रतियोगिता के अंतर्गत प्राप्त प्रविष्टियों/आवेदनों का मूल्यांकन दो चरणों की प्रक्रिया द्वारा किया जाता हैः-

- महानिदेशक (संबंधित तकनीकी क्लस्टर) की अध्यक्षता में डोमेन विशेषज्ञ समिति द्वारा जांच की गई।
- स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट एवं रैंकिंग की गई। चयन मानदण्डों में नवीनता, प्रयोज्यता, कार्यान्वयन क्षमता, तकनीकी योग्यता और परिपक्वता शामिल हैं।

डेयर टू ड्रीम विजेताओं को वैयक्तिक एवं स्टार्टअप श्रेणियों में नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाता है। विजेताओं को प्रोत्साहित किया जाता है और उनकी योग्यता और व्यवहार्यता के आधार पर डीआरडीओ (रक्षा मंत्रालय) की प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना (टीडीएफ) के तहत प्रोटोटाइप की प्राप्ति के लिए निधियन पर विचार किया जाता है।

यह जानकारी रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने आज लोकसभा में श्री जी एम सिद्धेश्वर और श्रीमती पूनम महाजन के प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

एबीबी/एसएस

/लोक सभा/

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),

भारत सरकार

****

'हर काम देश के नाम'

<u>नई दिल्ली, अग्रहायण 24, 1945</u>

<u>शुक्रवार, दिसंबर 15, 2023</u>

पूर्व सैनिकों हेतु रोजगार संगोष्ठी/नौकरी मेला

पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए अधिक नौकरी के अवसर पैदा करने के लक्ष्य और बेहतर संपर्क (आउटरीच़) के उद्देश्य से 23 नवंबर, 2023 को डूंडाहेडा मिलिट्री स्टेशन, गुरुग्राम में एक नौकरी मेले का आयोजन किया है । इस नौकरी मेले में कुल 33 कंपनियों ने भाग लिया और भाग लेने वाली कंपनियों द्वारा पूर्व सैनिकों को 1326 नौकरी के अवसर प्रदान किए गए थे ।

कंपनी चयन प्रक्रिया के अनुसार इसके बाद साक्षात्कार और दस्तावेजों की जांच के लिए कंपनियों द्वारा विभिन्न नौकरियों के लिए कुल 1139 भूतपूर्व सैनिक शार्टलिस्ट किए गए हैं । वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों के लिए चंडीगढ़, विशाखापट्टणम, अलवर, पुणे, मुंबई, इंदौर और लखनऊ में सात और पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) रोजगार संगोष्ठियां/नौकरी मेले प्रस्तावित हैं ।

यह जानकारी रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने आज लोकसभा में श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक और अन्य के प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

एबीबी/एसएस